**ईमेल**

प्रेषक,

सुमित प्रेमी,
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट),
बलरामपुर।

सेवा में,

श्रीमान् ओ0एस0डी0 कम्प्यूटर
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

विषयः–**नीलामी की सूचना माननीय उच्च न्यायालय की बेबसाइट पर अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

जनपद न्यायालय, बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2025–2026 में दिनांक 01.10.2025 से 31.03.2026 तक के लिए नवीन न्यायालय प्रांगण में स्थित कैन्टीन की नीलामी की तिथि 24.09.2025 नियत है। नीलामी प्रकिया से सम्बन्धित सूचना इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः आपसे अनुरोध है कि संलग्न सूचना माननीय उच्च न्यायालय की बेबसाइट पर अपलोड कराये जाने की कृपा करें।

सादर!

भवदीय,

**(सुमित प्रेमी)**
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट)
बलरामपुर।

**संलग्नकः–** नीलामी की सूचना।

# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बलरामपुर

## (नजारत अनुभाग)

## सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–2026 में दिनांक 01.10.2025 से 31.03.2026 तक के लिए जनपद न्यायालय, बलरामपुर के नवीन न्यायालय परिसर में कैन्टीन की खुली नीलामी दिनांकः 24.09.2025 समय 04:30 बजे सांय नवीन न्यायालय परिसर के मीटिंग हाल में की जानी है। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति अपना आवेदन 23.09.2025 तक सांय 05 बजे तक केन्द्रीय नजारत अनुभाग जजी बलरामपुर में प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त के सन्दर्भ में खुली नीलामी हेतु बायलॉज संलग्न कर दिये गये है।

उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या–256/78––2–2018–42आई0टी0/2017टी0सी0 के अन्तर्गत वित्त (लेखा) अनुभाग–1, उ0प्र0 के शासनादेश संख्या ए–1–864/दस–08–15(1)/86 दिनांक 23 सितम्बर 2008 के अनुरूप रू 1,00,000/– से अधिक मूल्य के सामान/सेवायें टेण्डर आमंत्रित करने की निविदाओं के लिये सीमा बढाकर 10,00,000/– रूपये कर दिया गया। कैन्टीन के लिये बुक मूल्य 10,00,000/– रूपये से कम है।

अतः ई–टेण्डरिंग पोर्टल पर खुली नीलामी नोटिस डाले जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

जनसाधारण की सूचना हेतु उपरोक्त नोटिस http://www.allahabadhighcourt.in/ तथा https://districts.ecourts.gov.in/balrampur पर विस्तृत जानकारी को माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के अनुमोदन के उपरान्त अपलोड कर दिया जायेगा।

**आदेश की प्रतिलिपि निम्न सूचना पटों पर चस्पा कराया जाए :–**

1. जनपद न्यायालय, बलरामपुर।
2. जिलाधिकारी, बलरामपुर, तहसील, बलरामपुर।
3. लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड), बलरामपुर।
4. रोडवेज बस स्टेशन, बलरामपुर।
5. रेलवे स्टेशन (झारखण्डी), बलरामपुर।
6. विकास भवन, बलरामपुर के सूचना पटो पर चस्पा किया जाए।
7. जिला सूचना अधिकारी बलरामपुर को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
8. सिस्टम ऑफीसर, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय बलरामपुर की बेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
9. सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा।

दिनांक–19.09.2025

Prabhat Kumar

(प्रभात कुमार दूबे)
सदस्य, नीलामी
समिति/ न्यायिक
मजिस्ट्रेट–प्रथम
बलरामपुर।

(अनूप कुमार पाण्डेय)
सदस्य, नीलामी समिति/
सिविल जज (प्रवर खण्ड)
बलरामपुर।

(सुमित प्रेमी)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जनपद एवं सत्र
न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश
(एस0सी0/एस0टी0 एक्ट)
बलरामपुर।

Approved
19/9/25